**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 3(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि कानपुर नगर द्वारा संचालित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ऐसे कितने प्रवक्ता, सहायक अध्यापक हैं, जिन्हें दिनांक 31.12.2024 तक चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान का लाभ देय था, किन्तु स्वीकृत नही किया गया है ? | नगर निगम कानपुर द्वारा संचालित माध्यामिक विद्यालयों में कार्यरत् कुल 29 शिक्षको (03 प्रवक्ता एवं 26 सहायक अध्यापक) को दिनांक 31.12.2024 तक चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान का लाभ देय था, परन्तु स्वीकृत नहीं हुआ था।<br>उक्त में से 21 शिक्षको को नगर निगम कानपुर के कार्यालय आदेश दिनांक 18.02.2025 द्वारा चयन वेतनमान का लाभ दिये जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। |
| (ख) उक्त शिक्षकों का विवरण क्या है तथा इन्हें चयन वेतनमान प्रोन्नत वेतनमान का लाभ कब तक स्वीकृत करायेंगे ? | शेष 08 शिक्षकों का नाम एवं पदनाम निम्नवत् हैः-<br>1. श्री सुधीर सिंह, प्रवक्ता<br>2. सुश्री रजनी साहू, प्रवक्ता<br>3. श्रीमती सुचिता अग्निहोत्री, प्रवक्ता<br>4. श्री राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, सहायक अध्यापक<br>5. श्री अजीत सिंह, सहायकअध्यापक<br>6. श्री अभिनन्द कुमार, सहायक अध्यापक<br>7. कुमारी प्रीति तिवारी, सहायक अध्यापक<br>8. सुश्री रेनू आनन्द, सहायक अध्यापक<br><br>उपर्युक्त 08 शिक्षकों को चयन वेतनमान/प्रोन्नत वेतनमान दिये जाने के संबंध में प्रस्ताव चयन समिति की अगली प्रस्तावित बैठक दिनांक 19.03.2025 में प्रस्तुत किया जायेगा। तत्पश्चात प्रकरण में चयन समिति द्वारा लिये गये निर्णयों के क्रम में अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। |

ए.के. शर्मा
मंत्री,
नगर विकास विभाग।